वरिष्ठ नागरिक विचार–विमर्श कार्यक्रम

भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ के आंचलिक कार्यालय महू द्वारा वरिष्ठ नागरिक विचार विमर्श कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 28 फरवरी 2026 को प्रातः 11:00 बजे स्थानीय चोपड़ा वाटिका, महू में किया गया। इसमें विद्वान अतिथियों द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एवं खेल समीक्षक श्री ओमप्रकाश ढोली का भी सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ के महासविच श्री सुरेश खण्डेलवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ, मध्य प्रदेश शाखा के अध्यक्ष श्री विमलचंद जैन ने की।

विचार विमर्श में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. अमित सोनी ने 'स्वास्थ्य', डॉ. अजरा फर्नीचरवाला ने 'आहार', श्रीमती ओमवती देशमुख ने 'रहन–सहन व योग' एवं अभिभावक श्री मनीष जायसवाल ने 'विधि परामर्श' विषय पर सारगर्भित व उपयोगी जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में श्री सुरेश खण्डेलवाल व श्री विमलचंद जैन ने भी अपना उदबोधन दिया। श्री ओमप्रकाश ढोली ने अपने प्रत्युत्तर में कहा कि आज भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग–अलग विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किया है, वह समाज के लिए बहुत आवश्यक व उपयोगी है एवं आगे भी इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए। मेरा जो सम्मान किया उसके लिए मैं संघ का आभारी हूं।

चर्चा का शुभारंभ अतिथियों ने माँ शारदा के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया। अतिथियों का स्वागत एवं आयोजन परिचय भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ के उपनिदेशक श्री राजेश चौधरी ने किया। आभार श्री उमेश खण्डेलवाल ने माना व सफल संचालन श्री राजेश पाटीदार ने किया। साथ ही आमंत्रित अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर मोती माला से किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं सहभोज के साथ हुआ।

इस अवसर पर श्री मृणाल पंत, श्री राधेश्याम बियाणी, श्री योगेश मूंदड़ा, श्री रामलाल प्रजापति, श्री करूणा लोहारिया, श्रीमती निर्मला यादव, सुश्री गीता लखनवी, डॉ.

आकांशा रितेश, श्री कमलेश मिश्रा, श्री अशीष वर्थवाल, श्री मनीष गुप्ता, श्री शाकीर खान, श्री दिनेश जादम, सुश्री पूर्णिमा सेठ सहित महू शहर के वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित थे।